

## लाडो लक्ष्मी योजना में पहली किस्त के बाद ही बदलाव क्यों किया जा रहा है?

हमने तय किया है कि हम महिलाओं को 2 हिस्सों में इस योजना का लाभ पहुंचाएंगे। हर महीने 2100 रुपए देने की बजाय हम महिलाओं के खाते में 1100 रुपए डालेंगे और बचे 1000 रुपए उनकी सेविंग में जाएंगे जिसे सरकार स्वयं करेगी। उदाहरण के तौर पर अगर 12 महीने बाद सरकार पैसा महिलाओं को लौटाएगी तो 12,000 रुपए एक साथ लौटाएगी ताकि उस पैसे से हमारी लाडो घर की बड़ी जरूरतों को पूरा कर सके। हम अपनी बहनों का एक-एक पैसा उन्हें सूद समेत लौटाएंगे।

